वाराणसी-राँची-कोलकाता ग्रीन फील्ड प्रोजेक्ट: झारखंड में 6 चरणों में बनेगी सिक्स लेन सड़क

चर्चा में क्यों?

17 मई, 2023 को मीडिया से मिली जानकारी के अनुसार वाराणसी से राँची होते हुए कोलकाता तक छह लेन की ग्रीन फील्ड परियोजना पर काम शुरू करने का रास्ता साफ हो गया है। इसके लिये झारखंड के छह चरणों का टेंडर फाइनल हो गया है।

प्रमुख बिंदु

- इसके लिये अलग-अलग एजेंसियों को काम दिया गया है। झारखंड में करीब 200 किमी. लंबी सड़क बनेगी, जो राज्य के चतरा ज़िले से शुरू होकर हजारीबाग, रामगढ़, बोकारो होते हुए पश्चिम बंगाल में पुरुलिया-बाँकुड़ा में प्रवेश करेगी।
- पूरी सड़क पर 12 हज़ार करोड़ रुपए से अधिक की लागत आने का अनुमान है। यहाँ पैकेज 8 से लेकर पैकेज 13 तक कुल 6 पैकेज हैं।
- इसका रूट वाराणसी से राँची होते हुए कोलकाता तक 620 किमी. का सिक्स लेन रोड जी.टी. रोड 2 के समानांतर बनेगा। इसका निर्माण वाराणसी के पास चंदौली से शुरू होगा।
- किस पार्ट का किसको मिला काम:
  - पैकेज 8 में चतरा के पास सोनेपुरबगिहा से एनएच-22 और चतरा बाईपास (37 किमी.) का काम में ट्रैकस एंड टावर प्रा. लि., रेल विकास निगम लिमिटेड (टीटीआईपीएल-आरवीएनएल) को 1728 करोड़ रुपए में दिया गया। इसकी सिविल लागत 1272 करोड़ रुपए है।
  - पैकेज 9 के तहत चतरा ज़िले के एनएच-100 में देवरिया से 31 किमी. का काम रामकृपाल कंस्ट्रक्शन को 2400 करोड़ रुपए में दिया गया। इसमें 962 करोड़ रुपए सिविल लागत और 1412 करोड़ रुपए ज़मीन आदि पर खर्च होना है।
  - पैकेज 10 के तहत दोनोरेशान गाँव तक करीब 35 किमी. तक का काम 1546 करोड़ रुपए में होगा। इसका काम मेसर्स एच.जी. इंफ्रा इंजीनियरिंग को दिया गया है।
  - पैकेज 11 में दोनोरेशान गाँव से एनएच-20 के जंक्शन से आगे तक का 37 किमी. तक का काम सीईआईजीएएलएल इंडिया लिमिटेड को दिया गया। इसकी लागत 1855 करोड़ रुपए की होगी। सिविल कॉस्ट 1656 करोड़ रुपए होगा।
  - पैकेज 12 में एनएच-20 के बोगांबार से एनएच-30 के लेपो गाँव तक 33 किमी. की सड़क सीईआईजीएएलएल इंडिया 3048 करोड़ रुपए में बनवाएगा।
  - पैकेज 13 के तहत एनएच-320 लेपो गाँव से कमलापुर गाँव झारखंड-पश्चिम बंगाल सीमा तक 28 किमी. का काम एच.जी. इंफ्रा इंजीनियरिंग लि. को दिया गया। इसकी लागत 2255 करोड़ रुपए होगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/varanasi-ranchi-kolkata-green-field-project-six-lane-road-to-be-built-in-jharkhand-in-6-phases